# हनी ट्रैप में फंसाकर व्यवसायी का अपहरण और लूटपाट करने वाली युवती सहित पांच गिरफ्तार

## पिछले 6 माह से योजना बना रहे थे आरोपी, प्रॉपर्टी बेचने व निवेश के बहाने युवती ने व्यापारी को फंसाया



मुहाना थाना पुलिस ने हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश कर युवती सहित पांचों बदमाशों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हनी ट्रैप में फंसाकर अपहरण कर व्यवसायी से लूट मामले में युवती सहित पांचों बदमाशों को बापर्दा को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि योजना के तहत आरोपी युवती ने व्यवसायी को मिलने बुलाया था और इसके बाद अपने चार दोस्तों की मदद से बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त बाइक व लूटे गए 22 हजार रुपए बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त बाइक व लूटे गए 22 हजार रुपए बरामद किए**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हनी ट्रैप में फंसाकर अपहरण कर व्यवसायी से लूट मामले में मुस्कान खान उर्फ सोनिया (22) निवासी हरियाणा हाल मुहाना, विकास मीणा उर्फ विक्की मीना (20) निवासी उनियारा टोंक हाल मुहाना, साजिद खान (22) निवासी उनियारा जिला टोंक हाल मुहाना, लोकेश मीणा (20) निवासी माधोपुर और राहुल मीना (20) निवासी सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि पिछले छह महीने से योजना के तहत ट्रांसपोर्ट व्यवसायी को फंसाया गया था और आरोपित युवती मुस्कान खान उर्फ सोनिया ने व्यवसायी को सीमा नाम बताकर कॉल किया था। प्रॉपर्टी बेचने और इन्वेस्ट करने के बहाने व्यवसायी से बातचीत करने लगी। आरोपी सोनिया ने 21 नवंबर की शाम व्यवसायी को कॉल कर केसर चौराहा पर मिलने बुलाया। मिलने जाने पर वह अकेली थी। व्यवसायी के साथ वह कार में बैठकर वह चाय पीने गई। चाय पीने के बाद व्यवसायी जब वापस छोडने गया तो चार बदमाश आकर जबरन कार में बैठ गए। बदमाशों ने मारपीट कर उसे कार में बंधक बना लिया। इस दौरान आरोपितों ने कई घंटों तक पीड़ित व्यवसायी को बंधी बना कर कार में इधर-उधर घुमाते रहे। इसके बाद बदमाशों ने मारपीट कर व्यवसायी से ऑनलाइन 1.80 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए और फिर चोखी ढाणी के पास उसे छोड़कर फरार हो गए। घायल हालत में पीड़ित व्यवसायी जैसे-तैसे राहगीरों की मदद से थाने पहुंचा और आपबीती सुनाते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर बदमाशों को ट्रेस आउट कर दबिश देकर धर-दबोचा।

# 11 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही तीन कॉलोनियां ध्वस्त

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने 11 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही 3 अवैध कालोनियों को ध्वस्त किया। इसके साथ ही गायत्री नगर में बिना अनुमति बनाए जा रहे बेसमेंट समेत 3 मंजिला अवैध निर्माण को सील भी किया।

- **बगरू, बेगस तथा द्रव्यवती नदी क्षेत्र में निजी खातेदारी की जमीन पर बसाई जा रही थी अवैध कॉलोनियां**
- **गायत्री नगर में भी जेडीए की अनुमति के बिना बनाई जा रही बेसमेंट समेत 3 मंजिला इमारत सीज**

उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि अजमेर रोड पर बगरू में जेडीए की अनुमति और कृषि भूमि के रूपांतरण करवाए बिना ही 3 बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर "दुर्गा विहार" स्कीम काटी जा रही थी। काश्तकार और भूखंड मालिकों ने यहां मिट्टी ग्रेवल की रोड, सीमेंट के ब्लॉक्स की सड़कें, कोठरी व अन्य निर्माण कर लिए थे।

इसी प्रकार ग्राम बेगस में 4 बीघा कृषि भूमि पर "सालासर सिटी" तथा गोपालपुरा बाईपास, मैट्रो स्टेशन, द्रव्यवती नदी के पास 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी चल रही थी। यहां भी प्लॉट्स की बाउंड्रीवाल, ग्रेवल रोड व अन्य निर्माण कर लिए गए थे। सभी जगहों पर जेडीए टीम ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से तोड़फोड की कार्रवाई कर अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

जोन-5ए में स्थित गायत्री नगर के प्लॉट नं. 165 की जमीन पर बेसमेंट समेत 3 मंजिला अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिसे भी जेडीए ने सील किया है।

पिछले दिनों निर्माणकर्ता को प्रवर्तन टीम ने धारा 32-33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के लिए पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता ने अवैध निर्माण कार्य बदस्तूर जारी रखा।

# मुख्यमंत्री ने सुनी लोगों की परिवेदनाएं

## आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी : भजनलाल शर्मा

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जवाबदेहिता एवं पारदर्शिता से कार्य करते हुए सुशासन की ओर अग्रसर है। सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों, नवाचारों एवं योजनाओं का प्रमुख ध्येय अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जनसुनवाई भी इसी लक्ष्य की ओर बढ़ता एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री नियमित रूप से इस जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत दे रहे हैं।

शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने इस दौरान आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए अधिकारियों को उन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई में परिवादी उम्मीद के साथ आते हैं। ऐसे में अधिकारी इन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका शीघ्र निस्तारण करें।

शर्मा ने जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आई महिलाओं, दिव्यांगों,



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को अपने निवास पर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

बुजुर्गों सहित विभिन्न लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। आमजन अपनी परिवेदनाओं के निस्तारण से बेहद संतुष्ट नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों को जल्द से जल्द राहत दी जाए। साथ ही, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए इसका शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

- **मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही होगी**

मुख्यमंत्री ने इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान शर्मा ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर विमोचन भी किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा के लिए विशेष ट्रेन को दिखाई हरी झंडी



देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत और राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने सोमवार को जवाई बांध से जगन्नाथ पुरी के लिए विशेष ट्रेन को रवाना किया।

**जयपुर** । देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 के तहत सोमवार को जवाई बांध से जगन्नाथ पुरी के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह ट्रेन वाया पाली जोधपुर होते हुए जगन्नाथपुरी जाएगी। इस विशेष ट्रेन में सिरोही, जालौर के 241 यात्री, पाली जिले के 150 यात्री एवं जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, फलौदी जिलों के 579 यात्री सहित कुल 970 यात्री इस यात्रा में शामिल होंगे।

इस अवसर पर यात्रियों को सफल और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए श्री कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिकों को देश के महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों के सुविधाजनक और निःशुल्क तीर्थयात्रा के लिए इस महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की गई है जो काफी सफल साबित हुई है। मंत्री कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा धर्मस्थलों के चयन, यात्रा मार्ग, चिकित्सा सुविधाओं तथा यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

इस तीर्थयात्रा में देश के पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक के बड़े-बड़े तीर्थस्थल शामिल हैं। इसमें 60 वर्ष से अधिक के स्त्री पुरुष सभी शामिल हैं। अब तक हजारों यात्री इसका लाभ उठा चुके है।

इस अवसर पर पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी भी उपस्थित थे। उन्होंने भी तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित और सफल यात्रा की शुभकामना दी। इस अवसर पर ज्ञानेंद्रसिंह, शिवराज सिंह, जिला संयोजक, पूनम सिंह जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा ओमप्रकाश पालीवाल अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग उपस्थित थे।

# राजस्थान में 6000 मेगावाट बी.ई.एस.एस. परियोजनाएं स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने 500 मेगावाट/2000 मेगावाट आवर (4 घंटे सिंगल साइकल) बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) परियोजना के लिए सोमवार को निविदा प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की है। इसमें टैरिफ-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के दौरान 2.85 लाख प्रति मेगावाट प्रति माह की न्यूनतम टैरिफ प्राप्त हुई है। इस निविदा प्रक्रिया में 6 अग्रणी ऊर्जा डेवलपर्स कंपनियां सफल रही है।

- **प्रदेश को 500/2000 मेगावाट ऑवर की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिए न्यूनतम टैरिफ प्राप्त**

500 मेगावाट/2000 मेगावाट आवर बीईएसएस की प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया में 6 कंपनियों क्रमशः पतंजलि आयुर्वेद लि. (250 मेगावाट), अल्ट्रावाइब्रेन्ट सोलर एनर्जी प्रा. लि. (50 मेगावाट आवर), रामा रिफ्लेषन इंडिया प्रा. लि. (50 मेगावाट), मेकपॉवर सॉल्यूशंस लि. (50 मेगावाट), भगवती एस्पोर्ट्स प्रा. लि. (50 मेगावाट) और दिवाकर रिन्यूएबल एंड इन्फ्रा प्रा. लि. (50 मेगावाट) आदि अग्रणी ऊर्जा कंपनियों ने भाग लेकर 4-घंटे सिंगल साइकल बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की 2.85 लाख प्रति मेगावाट प्रति माह के टैरिफ पर न्यूनतम बोली लगाकर सफलता प्राप्त की है।

अन्य राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार और केरल में हाल ही में प्राप्त निविदा प्रक्रियाओं की तुलना में, जहाँ टैरिफ 3.59 लाख प्रति मेगावाट प्रति माह से 4.41 लाख प्रति मेगावाट प्रति माह रही।

वहीं राजस्थान की 2.85 प्रति मेगावाट प्रति माह की दर काफी कम है, जो राज्य में प्रभावी और प्रतिस्पर्धी बोली वातावरण को दर्शाती है। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम द्वारा प्राप्त 2.85 लाख प्रति मेगावाट प्रति माह की दर पूरे देश में 4-घंटे सिंगल साइकल बीईएसएस परियोजनाओं के लिए अब तक प्राप्त दरों में से न्यूनतम है। इस निविदा प्रक्रिया को पूर्ण होने से उत्पादन निगम द्वारा राज्य में कुल 6 हजार मेगावाट बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

राज्य में प्रस्तावित 2000 मेगावाट-घंटे बीईएसएस क्षमता का समावेश न केवल पीक डिमांड घंटों में ग्रिड विश्वसनीयता को मजबूत करेगा, बल्कि राजस्थान के दीर्घकालिक ऊर्जा संग्रहण और सतत विकास लक्ष्यों को भी आगे बढ़ाएगा। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निविदा की सफलतापूर्वक पूर्णता, राजस्थान में एक मजबूत और भविष्य-उन्मुख ऊर्जा भंडारण पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गीतों ने घोली माटी की सौंधी महक

**जयपुर** । संगीत संस्थान संस्थान का दो दिवसीय संगीत समारोह सोमवार को यहां शास्त्रीनगर स्थित साइंसपार्क ऑडिटोरियम में शुरू हुआ।

कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने माटी में रचे-बसे गीतों की सुरीली जाजम सजाई। गिटारिस्ट वत्सल अनुपम के निर्देशन में सजी लोक संगीत की शाम में लोक कलाकार सरवर मीरासी और फरहान खान ने अपनी आंसदार आवाज और खड़ताल जैसे साज के साथ कई लोकगीतों की सलोनी प्रस्तुतियों से माहौल में माटी की सौंधी महक घोल दी। लोककलाकार सरवरी मीरासी ने केसरिया बालम आवोनी...समेत दमदार मस्त कलंदर..., म्हारो रंग रंगीलों राजस्थान..., सादगी तो म्हारी...जैसे लोकगीतों की कर्णप्रिय प्रस्तुति से मौजूद श्रोताओं के मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में तबले पर मोहसिन खान समेत खड़ताल पर याकूब खान, शब्बीर खान ने दमदार संगत कर कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी।

# एस.डी.आर.एफ. राजस्थान ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम

**जयपुर** (कासं)। राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सीबीआरएन प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि टीम ने दो बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया।

- **सी.बी.आर.एन. प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाली टीम को कमांडेंट ने किया सम्मानित**
- **वेस्टर्न जोन में हासिल किया द्वितीय स्थान**

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के तत्वावधान में पुणे, महाराष्ट्र में 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित वेस्टर्न जोन सीबीआरएन प्रतियोगिता 2025 में राजस्थान की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के साथ मध्य प्रदेश, गोवा, दादर नागर हवेली और महाराष्ट्र राज्यों की एसडीआरएफ टीमों ने भाग लिया था, जिसमें महाराष्ट्र की टीम प्रथम स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर सीबीआरएन प्रतियोगिता 2025 के मुकाबले में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था। टीम के इस सराहनीय प्रदर्शन के लिए सोमवार को एसडीआरएफ कंट्रोल रूम जयपुर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त 22 कार्मिकों को नकद पुरस्कार और प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

# विधवा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर थाना इलाके में एक विधवा महिला के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

- **मिलने का झांसा देकर होटल बुलाया और नशीली कोल्डड्रिंग पिलाकर दिया वारदात को अंजाम**
- **आरोपी ने अश्लील वीडियो बनाकर महिला को ब्लैकमेल किया**

मामले की जांच कर रहे थानाधिकारी लगखन सिंह खटाना ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज कराया है कि कुछ समय पहले उसके पति की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिसके बाद मार्च-2025 में इंस्टग्राम के जरिए उसकी आरोपी से जान पहचान हुई। एक -दूसरे के मोबाइल नंबर लेने के बाद वो दोनो बात करने लग गए। आरोपी ने युवती को शादी का झांसा दिया और दिसम्बर- 2025 में थाना इलाके में स्थित एक होटल में मिलने के लिए बुलाया। होटल में जाने के बाद आरोपी ने धोखे से नशीली कोल्डड्रिंक पिलाई। जिसके बाद पीड़िता बेहोश हो गई। शातिर बदमाश ने बेहोशी की हालत में महिला से दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो क्लिपिंग बना ली। होश में आने के बाद पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने खुद के मोबाइल फोन अश्लील वीडियो दिखाया और वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपी युवक आए दिन उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

## सार-समाचार

### देवनानी की लालकृष्ण आडवाणी से भेंट



**जयपुर** । विश्व सिंधी हिंदू फाउंडेशन ऑफ एसोसिएशन के सम्मलेन में भाग लेने हेतु नई दिल्ली प्रवास पर गये राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। देवनानी ने आडवाणी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। देवनानी ने आडवाणी की पुत्री प्रतिभा आडवाणी और परिवारजनों से भी भेंट कर आडवाणी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। देवनानी ने आडवाणी की कुशलक्षेम पूछी और स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की शुभकामनायें दीं।

### श्री सत्य साई कॉलेज में आयोजन



**जयपुर** (कासं)। श्री सत्य साई पी.जी.महिला महाविद्यालय में भगवान सत्य साई बाबा का 100वां जन्मोत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय में बाबा के आकर्षक चित्रों की प्रदर्शनी तथा रंगोली से सजावट की गई। इससे पूर्व प्रभात फेरी भी निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अधिवक्ता डॉ. अखिल शुक्ला ने कहा कि बाबा के प्रमुख चार स्तम्भ को सभी को जीवन में जनहितार्थ आत्मसात करना होगा। उन्होंने भोजन, धन, समय और ऊर्जा की बर्बादी ना करने का सन्देश दिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सरोज खेमका ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंध समिति के अधिवक्ता अलकेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण भक्तिभाव से साई भजनों व आरती का सामूहिक गायन किया। समारोह में विशिष्ट शिक्षिकाओं व मेधावी छात्राओं का सम्मान भी किया गया।

### अग्रवाल किड्स हॉस्पिटल विजयी

**जयपुर** । स्पोफिट अकेडमी में चल रहे डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग में इस बार 46 टीमों के 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त ओपन वर्ग मुकाबले भी होंगे। लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि 23 नवंबर को खेले गए टीम इवेंट मुकाबलों में, किड्स वर्ग में एईआईआरसी डायग्नोस्टिक ने माया आई. हॉस्पिटल को 4-1 से हराया। राणा ऑर्थो केअर ने जयपुर लिटिल मास्टर्स को 3-2 से हराया। दूसरी टाई में जैन प्रूडेंट केअर ने राणा ऑर्थो केअर को 3-2 से हराया। लीग आयोजन अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव ने बताया कि बॉयज वर्ग में लिपि क्लीनिक ने आँच टाइटन्स को 4-1से हराया। नवजीवन हॉस्पिटल ने आइकॉन हॉस्पिटल को 5-0 से हराया। केडिया होटशॉट्स ने जे एफ एम आर सी को 3-2 से हराया। शर्मा डायग्नोस्टिक ने चिरंजीवी हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. निधि पूनिया ने बताया कि महिला वर्ग में प्रियंका हॉस्पिटल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुभम केअर को 5-0 से और आई ए एस एच को 4-1 से हराया। एक अन्य टाई में आई ए एस एच ने सी के बिड़ला हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। प्रियुश न्यूरो केअर हॉस्पिटल ने कांकरिया फाइटर्स को 4-1 से हराया। संभव डायग्नोस्टिक ने नारायणा हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में अग्रवाल किड्स हॉस्पिटल ने यूरो शूटर्स को 5-0 से हराया। एचसीजी हॉस्पिटल ने सुवीरा हॉस्पिटल को 5-0 से हराया। जयपुर नुक्लेअर इमेजिंग ने कैंसर केअर क्लिनिक को 6- (-1) से हराया। जैगुआर ने कैंसर केअर क्लिनिक को 6-(-1) से हराया। एच सी जी हॉस्पिटल ने सोमानी हॉस्पिटल पर 4-(-1) की विजयी बढ़त बनाई। फ्लो केअर इंटरवेंशन ने निया डायग्नोस्टिक पर 4-0 की विजयी बढ़त बनाई।


### स्कूल मानक प्राधिकरण के गठन पर चर्चा

**जयपुर** । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान के अनुरूप राजस्थान में स्वतंत्र राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण के गठन पर चर्चा के लिए सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त अनुपमा जोरवाल की अध्यक्षता में बैठक में के उद्देश्य, आवश्यकता, संभावित स्वरूप आदि पर चर्चा की गई। इस संबंध में पूर्व में एक 27 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी ने विभिन्न राज्यों में गठित किए गए राज्य स्कूल मानक प्राधिकरणों का अध्ययन कर राजस्थान के लिए प्राधिकरण का मसौदा तैयार किया है जिसे आगामी बैठकों में अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक अशोक कुमार मीना सहित अन्य अधिकारियों व वर्किंग कमेटी सदस्यों ने भाग लिया।

### राज्यपाल बागड़े ने जताई शोक संवेदना

**जयपुर** । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भारतीय फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि भारतीय फिल्म जगत के लोकप्रिय अभिनेता धर्मेंद्र का निधन फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और परिजनो, प्रशंसकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। मुख्य सचिव बनने के बाद राज्यपाल से उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल बागडे ने उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने इस दौरान राज्यपाल से राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी संवाद किया।